फा.सं.20/2/2017-रक्षा (रा.भा.1)
भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
राजभाषा प्रभाग

कमरा सं. 215 बी विंग, सेना भवन,
नई दिल्ली, दिनांक: 21.02.2017

निविदा सूचना

विषयः- रक्षा मंत्रालय में वार्षिक रिपोर्ट एवं अन्य कार्यों का अनुवाद/टाइपिंग के लिए निविदाएं मंगाना/पैनल बनाना ।

रक्षा मंत्रालय में अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद/टाइपिंग कार्य के लिए एक पैनल बनाए जाने की प्रक्रिया जारी है । इस पैनल द्वारा मुख्य रूप से वार्षिक रिपोर्ट तथा समय-समय पर प्राप्त होने वाले महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्य जिन्हें समयबद्ध आधार पर प्रस्तुत किया जाना होता है और जो गोपनीय प्रकृति के नहीं है, का अनुवाद व टाइपिंग कार्य कराए जाने का विचार है । इस संबंध में अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद तथा टाइपिंग से जुड़े व्यक्तियों/एजेंसियों से हिंदी अनुवाद एवं टाइपिंग कार्य के लिए प्रति पृष्ठ (600 शब्द लगभग- प्रति पृष्ठ) अलग-अलग दरें आमंत्रित हैं । इस संबंध में शर्तें निम्नलिखित होंगीः

2. विधिवत अनुवाद की हुई सामग्री ए4 पेज पर टाइप करके देनी होगी और इसके साथ ही समस्त सामग्री सीडी में डाउनलोड करके देनी होगी । अनूदित सामग्री यूनिकोड फान्ट में होनी चाहिए । सामग्री का अनुवाद निर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर करके देना होगा । कार्य को समय पर पूरा न करने पर दर में कटौती जैसे शास्ति के प्रावधान किए जा सकते हैं ।

3. अतः सभी निविदाकर्ताओं से अनुरोध हे कि वे बंद लिफाफे में अपनी निविदाएं अधोहस्ताक्षरी को कमरा सं0 240 'बी' विंग सेना भवन के पते पर दिनांक 01 मार्च, 2017 के अपराहन 3.00 बजे तक भिजवा दें । निविदाएं दिनांक 01 मार्च, 2017 को सायं 5.00 बजे खोली जाएंगी जिसमें निविदाकर्ता स्वयं या अपना प्रतिनिधि भेज सकते हैं ।

4. निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेगा ।

5. निविदा प्राप्त होने के बाद सामग्री के 01 पृष्ठ का अनुवाद करके विभाग को गुणवत्ता जांच के लिए भेजना होगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अनुवाद, भाषा, अर्थ एवं वाक्य संरचना तथा शब्दों के उपयोग की दृष्टि से सही रूप से किया गया है । इसके उपरांत व्यक्तियों/एजेंसियों का चयन करके एक पैनल बनाया जाएगा । यह पैनल एक वर्ष के लिए वैध रहेगा । पैनल में शामिल व्यक्तियों/एजेंसियों को उद्धृत न्यूनतम दर के आधार पर निर्धारित दर पर कार्य करने की सहमति देनी होगी ।

(मोहन चंद्र मिश्रा)
उप निदेशक (रा.भा.)
टेलीफैक्सः 23019547

प्रतिलिपिः

अवर सचिव (आईटी) से अनुरोध है कि कृपया इस निविदा को रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।